कोटद्वार, बुधवार
30 अक्टूबर 2024
वर्ष: 46
अंक: 179 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# पीएम मोदी ने किया एम्स ऋषिकेश हेली एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ

**● सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा 108 की तर्ज पर चलेगी हेली एम्बुलेंस सेवा ● देश की पहली हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस की उत्तराखण्ड से हुई शुरुआत**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर, एम्स ऋषिकेश के जरिए देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर के लिए कुल 12850 करोड़, रुपए लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास किया। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एम्स ऋषिकेश से इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि एम्स ऋषिकेश में हेली एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत और आधुनिक बन सकेंगी, हेली एम्बुलेंस संकट के समय लोगों के लिए संजीवनी का काम करेगी। कई बार जहां सड़क मार्ग से पहुंचना संभव नहीं होता, हेली एम्बुलेंस ऐसे स्थानों पर भी आसानी से पहुंच कर लोगों की सहायता करेगी। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड को हेली एम्बुलेंस और ड्रोन की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेवा का राज्य को लंबे समय से इंतजार था, अब एम्स ऋषिकेश से देश की पहली सरकारी हेली एम्बुलेंस शुरू हो रही है। यह सेवा 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर चलेगी, जिसके जरिए राज्य के कोने-कोने से मरीजों को एम्स लाया जा सकेगा। यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध होगी। सीएम ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में कई बार मरीज को बड़े अस्पताल तक पहुंचाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सभी जीवनरक्षक सुविधा से युक्त हेली एम्बुलेंस दूर दराज के मरीजों के लिए जीवन दायनी का काम करेगी। जल्द ही इसका टोल फ्री नंबर जारी होगा, जिसे सभी 13 जिलों के जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल से जोड़ा जाएगा। किसी भी आपदा की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय की सिफारिश पर तत्काल हेली एम्बुलेंस उपलब्ध कराएगी जाएगी। इसी तरह ड्रोन के प्रयोग से भी दूर-दराज के क्षेत्रों से ब्लड सैम्पल लाने और दवा पहुंचाने में मदद मिलेगी। सीएम ने कहा कि ट्रायल दौरान एम्स ऋषिकेश से टिहरी तक मात्र 30 मिनट में दवा पहुंचाई जा चुकी है। इस अवसर पर पूर्व सीएम और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, एम्स की निदेशक प्रो. मीनू सिंह भी उपस्थित थे।

## राज्य को हवाई सेवाओं में मिलेगा सहयोग

इस मौके पर केंद्रीय नागर विमान मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हेली एम्बुलेंस का प्रयोग पहाड़ी राज्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इसी तरह ड्रोन के जरिए भी एम्स की सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तराखण्ड में हवाई सेवाओं को विस्तार देने का प्रयास कर रही है, ताकि देश-विदेश के यात्री उत्तराखण्ड आकर यहां की शक्ति अनुभव कर सकें। 10 साल में उत्तराखंड में तेजी से विकास हुआ है।

## प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में काम कर रही है। किच्छा में एम्स ऋषिकेश के सेटेलाइट सेंटर पर भी तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश सरकार वर्तमान 207 प्रकार की निःशुल्क पैथालॉजी जांच की सुविधा दे रही है, पर सरकार यहीं पर रुकने वाली नहीं है। सीएम ने कहा कि उत्तराखण्ड में हवाई यातायात की सुविधा बढ़ाने में भी केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय का सहयोग मिल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने जौलीग्रांट, पंतनगर एयपोर्ट के विस्तार के साथ ही आरसीएस योजना में पूरा सहयोग का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### भगवान भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ के रक्षक के रूप में पूजे जाने वाले भगवान भैरवनाथ के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। केदारनाथ के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने तय समय 12 बजे केदारनाथ मंदिर में भोले बाबा की पूजा अर्चना कर भोग लगाया। इसके बाद करीब एक बजे केदारनाथ के मुख्य पुजारी, तीर्थ पुरोहित एवं बदरी-केदार मंदिर समिति के कर्मचारियों के साथ केदारनाथ की पहाड़ी पर स्थित भैरवनाथ मंदिर पहुंचे। जहां भैरवनाथ के कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू की गई। भैरवनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ पाषाण मूर्तियों का दूध और घी से अभिषेक किया। वेदपाठी और तीर्थपुरोहितों ने मंत्रों के साथ जौ, तिल और घी से हवन किया। (एजेंसी)

### दो दिन के नवजात की मौत

काशीपुर। एक निजी अस्पताल में दो दिन के एक नवजात की मौत हो गई। दंपति ने अस्पताल प्रशासन पर रुपये के अभाव में इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। वहीं समाज सेवी गगन कांबोज परिजनों के साथ नवजात का शव लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गये। समाजसेवी ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई होने तक धरना जारी रखने और नवजात के शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की चेतावनी दी। सूचना पर पहुंचे एसडीएम के कार्रवाई के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। मंगलवार सुबह ढकिया गुलाबो निवासी मनोज सैनी पुत्र हीरालाल समाजसेवी गगन कांबोज के साथ नवजात का शव गोदी में लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गये। मनोज सैनी ने कहा कि 27 अक्तूबर को सरकारी अस्पताल में उसकी पत्नी ने एक पुत्री को जन्म दिया। अस्पताल में उचित साधन नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद वह नवजात को लेकर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। लेकिन वेंटिलेटर की सुविधा नहीं होने पर अस्पताल ने भी नवजात को रेफर कर दिया। इसके बाद वह रामनगर रोड स्थित एक अन्य निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी पुत्री को भर्ती किया गया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने उसे पैसों की व्यवस्था करने को कहा। इस पर पीड़ित ने असमर्थता जताई और अयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन अयुष्मान कार्ड के साथ ही पैसों की मांग कर रहा था। आरोप लगाया कि जब उसने असमर्थता जताई तो उन्होंने नवजात को वेंटिलेटर से हटाकर पीड़ित की गोद में दे दिया।

### खाई में गिरी कार, तीन युवक घायल

नैनीताल। तल्लीताल से हल्द्वानी जा रही एक कार बल्दियाखान के समीप खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर तीनों को अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार तल्लीताल क्षेत्र निवासी तीन युवक मंगलवार को कार से हल्द्वानी जा रहे थे। इस बीच करीब पौने तीन बजे बल्दियाखान के समीप कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकालकर हल्द्वानी कृष्णा अस्पताल भिजवाया। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि कार सवार घायल तल्लीताल धोबीघाट निवासी अंचन, करण चौधरी व अमन थे। फिलहाल सभी की हालत सही है।

### पुलिस और बदमाशों के बीच आमने–सामने फायरिंग, दहल उठा सरसावा का जंगल

साहरनपुर। सरसावा के गांव अलीपुर ननवाखेड़ी के जंगल में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल सहित तीन बदमाश पुलिस ने पकड़े हैं। बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए बदमाश लूट की तीन वारदातों में शामिल थे।

सोमवार रात पुलिस ने पिलखनी से अलीपुर ननवाखेड़ी की ओर जा रही रजबहे की पटरी पर एक बाइक पर सवार कुछ लोगों को आते देखा। जब पुलिस ने बाइक सवार को रोकने का इशारा किया तो वो तुरंत बाइक मोड़ने लगे, जिससे अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई। तीनों बदमाश उठकर भागने लगे।

### अगली कैबिनेट में प्रस्तुत होगी उत्तराखंड राज्य महिला नीति

देहरादून। उत्तराखंड राज्य महिला नीति 2024 का खाका तैयार कर लिया गया है। प्रदेश में महिलाओं के हितों को और सुरक्षित करने के उद्देश्य से लाई जा रही इस नीति का मंजूरी के लिए आगामी कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। मंगलवार को महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में उत्तराखंड राज्य महिला नीति को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर अपडेट लिया। बैठक में अधिकारियों की ओर से महिला नीति के प्रारुप का अंतिम प्रस्तुतीकरण विभागीय मंत्री के समक्ष पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

यह प्रारुप महिला एवं सशक्तीकरण विभाग, राज्य महिला आयोग एवं नियोजन विभाग के आपसी समन्वय से तैयार किया जा रहा है। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि यह प्रारुप आगामी कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं के हितों को और सुरक्षित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड महिला नीति तैयार की जा रही है, जो आगामी नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को समर्पित कर दी जाएगी।

# एलएसी पर दो जगहों से पीछे हटी भारत–चीन की सेना



नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख सेक्टर के देपसांग और डेमचोक इलाकों में सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। भारत और चीन की सेनाएं एक–दूसरे की तरफ से वहां जगह खाली करने और बुनियादी ढांचे को हटाने के लिए वेरिफिकेशन कर रही हैं। रक्षा सूत्र ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि देपसांग और डेमचोक में भारतीय और चीनी सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी होने की उम्मीद है। सेना के सूत्रों ने बताया है, दोनों सेनाएं अब उन क्षेत्रों में गश्त शुरू करेंगी, जहां वे अप्रैल 2020 में गतिरोध शुरू होने के बाद नहीं पहुंच पाए थे।

**चीन के साथ भारत ने बनाई सहमति**

भारत ने 21 अक्टूबर, 2024 को एलान किया था कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर पैट्रोलिंग को लेकर चार साल से अधिक समय से बने सैन्य गतिरोध को समाप्त करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर सहमति बनी है। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी बयान सामने आया था, उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच विश्वास बनाने में समय लगेगा, लेकिन सैनिकों की वापसी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दो महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सैन्य वापसी पहला कदम है, और तनाव को कम करना अगला कदम है।

**ग्राउंड कमांडरों की बैठकें रोजाना होंगी**

दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने के लिए भारत और चीन 29 अक्टूबर तक वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य वापसी की प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।

सूत्रों ने कहा, "नियमित ग्राउंड कमांडरों की बैठकें होती रहेंगी। गश्त में शामिल सैनिकों की ताकत की पहचान की गई है और किसी भी गलत संचार से बचने के लिए जब हम गश्त करने जा रहे हैं तो एक–दूसरे को सूचित करें। शेड या तंबू, सैनिकों जैसे सभी अस्थायी बुनियादी ढांचे को हटा दिया जाएगा।

## गंगा में डूबे कांस्टेबल का शव बरामद

हरिद्वार। गंगा में डूबे एलआईयू के कांस्टेबल तिरपन सिंह का शव जल पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया। कनखल पुलिस ने शव को गंगा से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इधर, कांस्टेबल की मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर है। सोमवार को कनखल के बैरागी कैंप में ठोकर नंबर दस में नहा रहा कांस्टेबल तिरपन सिंह डूब गया था। कांस्टेबल की तलाश में एसडीआरएफ और जल पुलिस जुटी हुई थी। सोमवार देर रात बाद सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया था लेकिन मंगलवार सुबह होते ही एसडीआरएफ और जल पुलिस तलाश में जुट गई थी। कई घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार संयुक्त ऑपरेशन में कांस्टेबल का शव बरामद कर लिया गया। कनखल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। एसओ मनोज नौटियाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

# जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई को मारने वाले कैदी को करोड़ों का इनाम

नई दिल्ली। लॉरेंस बिश्नोई को लेकर करणी सेना चीफ राज शेखावत ने एक बार फिर बड़ा एलान किया है। हाल ही में राज शेखावत ने एलान किया था कि जो भी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करेगा उसे 1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपए इनाम दिया जाएगा।

**करणी सेना ने कैदियों को दिया ऑफर**

वहीं, हत्या करने वाले परिवार की सुरक्षा करनी सेना करेगा। वहीं, अब करणी सेना चीफ ने एक बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह ऑफर साबरमती जेल में बंद कैदियों के लिए भी है। इसका मतलब ये है कि जिस जेल में लॉरेंस बिश्नोई बंद है, उस जेल में मौजूद कोई भी कैदी अगर लॉरेंस की हत्या करता है तो बिश्नोई गैंग को करनी सेना 1,11,11,111 इनाम देगी।

**लॉरेंस के पीछे क्यों पड़ी है करणी सेना?**

बता दें कि पिछले साल 5 दिसंबर को सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या हुई थी।



इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। सुखदेव सिंह गोगामेडी की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**लॉरेंस बिश्नोई ने बढ़ा दी है सलमान खान की टेंशन**

पिछले कुछ सालों से लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े लोग लगातार एक्टर सलमान खान को धमकी दे रहे हैं। वहीं, कुछ दिनों पहले एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी भी बिश्नोई गैंग ने ही ली थी।

दरअसल, बिश्नोई गैंग की मांग है कि सलमान खान बिश्नोई समाज से माफ मांगे, क्योंकि उसने काले हिरण का शिकार किया था। बता दें कि काला हिरण शिकार मामला अभी भी कोर्ट में चल रहा है।

# केरल में बड़ा हादसा, मंदिर में उत्सव के दौरान हुआ पटाखों में विस्फोट

## 150 से ज्यादा लोग घायल

तिरुवनन्तपुरम। केरल के नीलेश्वरम के पास सोमवार को एक मंदिर उत्सव के दौरान आतिशबाजी दुर्घटना में 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पटाखों के एक स्टोर में आग लगती हुई दिखाई दे रही है। कुछ सेकंड बाद, मंदिर उत्सव स्थल पर एक बड़ा विस्फोट हुआ।

**8 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर**

पुलिस ने बताया कि बिना अनुमति आतिशबाजी करने और दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में मंदिर समिति के 8 सदस्यों के खिलाफ गैर–जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि लापरवाही के कारण आतिशबाजी भंडारण क्षेत्र में आग लग गई। पुलिस ने बताया कि घायलों को कासरगोड, कन्नू और मैंगलोर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना वीरकावु मंदिर के पास आतिशबाजी भंडारण सुविधा में आग लगने से हुई। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना आधी रात के आसपास हुई। कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।



**33 लोगों को कराया गया अस्पताल में भर्ती**

मातृभूमि ने बताया कि 33 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें बताया गया है कि 19 लोगों को ऐशल अस्पताल, कन्हानगढ़ में भर्ती कराया गया है, जबकि 12 लोगों को अरिमाला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालीस लोगों को संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि 11 अन्य को नीलेश्वर तालुक अस्पताल और पांच को कन्नूर के एस्टर एमआईएमएस अस्पताल में ले जाया गया है। कई अन्य लोगों को मैंगलोर के अस्पतालों और कन्नूर के परियारम में सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग थेय्यम प्रदर्शन देखने के लिए एकत्र हुए थे। भारत में पटाखों का इस्तेमाल अक्सर धार्मिक त्योहारों और शादियों में किया जाता है। लगभग हर साल घातक दुर्घटनाएँ होती हैं। 2018 में, नई दिल्ली में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 17 मज़दूरों की मौत हो गई थी। एक साल पहले, मध्य प्रदेश के एक गाँव में पटाखे बनाते समय हुए विस्फोट में 23 लोगों की मौत हो गई थी।

## ट्रेनों में हो रही भारी भीड़ को लेकर राहुल गांधी ने जताई चिंता

दिल्ली। दिवाली और छठ पूजा के लिए घर जाने की कोशिश कर रहे लाखों यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 27 अक्तूबर को मुंबई के बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 9 लोग घायल हो गए हैं। रविवार तड़के हुई इस भगदड़ में दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। जिसके बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिवाली के समय "रेल यात्रा में बहुत सारे लोगों को पेश आ रही दिक्कतों" का हवाला देते हुए मंगलवार को दावा किया कि रेलवे व्यवस्था टूट रही है और यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय कोई लोगों की सुनने वाला नहीं है। राहुल गांधी ने एक वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, "इस दिवाली पर करोड़ों भारतीय अपने परिवार से मिलने रेल से यात्रा करेंगे।

## प्रियंका गांधी का केंद्र पर हमला

# कहा-भूस्खलन के बाद वायनाड के पुनर्वास के लिए नहीं दिया बजट

वायनाड । लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने केंद्र सरकार पर भूस्खलन से प्रभावित वायनाड के पुनर्वास के लिए न देने का आरोप लगाया। प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का यह रुख लोगों और राष्ट्र के प्रति सम्मान की कमी को दिखाता है। केंद्र सरकार की 10 साल के शासन के दौरान बनाई गईं नीतियों से यह स्पष्ट है। वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक बैठक में प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सरकार की नोटबंदी समेत अन्य नीतियों से केवल उनके पांच–छह व्यापारी मित्रों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायनाड आए और यहां पर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों से मिले और हर तरह की मदद का वादा किया। इसके कई महीने बाद भी केंद्र सरकार ने आपदा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए कोई धनराशि नहीं दी। केंद्र सरकार की किसानों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है।



**बड़े घरानों को हो रहा जमीन का आवंटन**

प्रियंका गांधी ने कहा कि देशभर में आदिवासी समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

# मंदिर में पूजा करने गई मूक बधिर युवती से पुजारी ने किया दुष्कर्म

शामली। गढ़ीपुख्ता थानाक्षेत्र के एक गांव में मंदिर में पूजा करने गई मूक बधिर 24 वर्षीय युवती के साथ पुजारी ने दुष्कर्म किया। युवती के गर्भवती होने पर पुजारी ने दवा देकर गर्भपात करा दिया। युवती की हालत बिगड़ने पर इसका पता चला तो पीड़िता की बहन ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने पुजारी को गिरफ्तार कर लिया। गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी मूक बधिर बहन रोजाना पूजा करने मंदिर जाती थी। उसकी बहन सुन और बोल नहीं सकती। आरोप है कि मंदिर के पुजारी प्रमोद ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती गर्भवती हो गई। इसका पता परिजनों को तब चला, जब पुजारी ने उसे गर्भपात की दवा खिला दी। दवा खाकर उसकी तबीयत खराब हो गई और उसने आत्महत्या की कोशिश की।

इसके बाद युवती ने परिजनों को जानकारी दी। परिवार के लोग पुजारी के पास गए तो उसने व उसकी पत्नी ने युवती का गला दबाने की कोशिश की और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी पुजारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। परिजनों ने पुजारी व उसकी पत्नी को गिरफ्तार करने की मांग की। सीओ थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी पुजारी को गिरफ्तार कर लिया।

## पांच हजार पुलिसकर्मी संभाल रहे दीपोत्सव की सुरक्षा

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव पर रामनगरी पर सुरक्षा घेरा अभेद्य रहेगा। चप्पे–चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। इस दौरान लगभग 5,000 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। इनमें लखनऊ, कानपुर, बनारस, गोरखपुर जोन से भी लगभग 1500 पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे। पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से बेहतर व्यवहार रखते हुए ड्यूटी संभालने को लेकर दिशा–निर्देश दिया है। दीपोत्सव पर मुख्यमंत्री के अलावा अन्य कई विशिष्ट अतिथियों का दौरा भी प्रस्तावित है। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या धाम को जोन व सेक्टर में बांटा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों को इनकी निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

# आखिर कब थमेगा ये सिलसिला? आज फिर 100 विमानों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

दिल्ली। सरकार और डीजीसीए की तमाम सख्ती और नियमों के बाद भी विमानों में बम की धमकियां लगातार मिल रही हैं। इस बीच एक बार फिर सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंगलवार को भी विभिन्न भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित 100 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूत्रों ने दावा किया है कि मंगलवार को एयर इंडिया को करीब 36 उड़ानों और इंडिगो को करीब 35 उड़ानों के लिए धमकियां मिलीं। वहीं विस्तारा की 32 उड़ानों में भी बम होने की धमकी मिली। बता दें कि बीते16 दिनों में 510 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि तकरीबन ये सभी जांच में फर्जी निकलीं। ज्यादातर सभी धमकियां सोशल मीडिया के



माध्यम से जारी की गईं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी ज्यादातर उड़ानों को बम की धमकी सोशल मीडिया पर मिली। धमकी मिलने पर निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत संबंधित अधिकारियों और विभागों को अलर्ट किया गया। नियामक प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के अनुसार सुरक्षा संबंधी जांच पड़ताल की गई। इस बीच, एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि तीन एयरलाइनों को उनके एक्स हैंडल पर बम की धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा को सोमवार को धमकियां मिली थीं। हालांकि वे अफवाह निकलीं। एयरलाइंस को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में मुंबई पुलिस ने अक्तूबर में 14 एफआईआर दर्ज की हैं। लगातार मिल रहीं फर्जी धमकियों के चलते कई विमानों की आपात लैंडिंग करानी पड़ी है। कई के मार्ग बदलने पड़े और जांच पड़ताल में भी समय लगा। इससे उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही एयरलाइंस को भी नुकसान उठाना पड़ा है। विमानन कंपनियों को लगातार बम की धमकियां मिलने पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से दायित्वों का पालन करने और सूचना तकनीकी (आईटी) नियमों के तहत सख्ती के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर गलत सूचना तक पहुंच को तुरंत हटाने या अक्षम करने के लिए कहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय भी विमानन कंपनियों को मिलने वाली बम की झूठी धमकियों के खतरे से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है।

## एक नजर

### कैंप में 150 लोगों ने कराई जांच

चमोली : विश्व आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जोशीमठ के तपोवन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के डॉ. कैलाश चन्द्र ने लोगों को आयुर्वेद बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में हमारा जीवन काफी भागदौड़ और तनाव भरा है। जिस कारण से हर व्यक्ति जल्द रोगग्रस्त हो रहा है। इसमें आयुर्वेद के लाभ बताए। कहा कि दिनचर्या में सुधार कर हम कई बिमारियों से बच सकते हैं। (एजेंसी)

### जसोली से हरियाली कांठा पहुंची देवी

रुद्रप्रयाग : सिद्धपीठ हरियाली देवी की डोली मंगलवार देर शाम हरियाली कांठा के लिए प्रस्थान हो गई। इस दौरान जसोली स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की गई। जबकि देवी के पश्वा ने अवतरित होकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। बुधवार को डोली पूजा अर्चना के बाद वापस जसोली आएगी।

हर साल की तरह इस बार भी धनतेरस पर हरियाली देवी की डोली बड़ी संख्या में भक्तों के साथ जसोली से कांठा के लिए प्रस्थान हुई। करीब 7 किमी. की पैदल यात्रा सांय 6:30 बजे जसोली से हरियाली कांठा के लिए रवाना हुई। जय माता दी के जयकारों के साथ डोली कोदिमा के साथ ही विभिन्न पड़ावों से होते हुए हरियाली कांठा को प्रस्थान हुई।

बता दें कि हरियाली देवी की यात्रा पूरे रातभर पैदल मार्ग में ही रहती है जबकि सुबह सूर्य की पहली किरण आते ही डोली मंदिर में प्रवेश करेगी। इस दौरान पूजा अर्चना की जाएगी। मां को भोग लगाकर आरती के साथ दोबारा डोली जसोली के लिए प्रस्थान करेगी। इस मौके पर मंदिर के पुजारी विनोद प्रसाद मैठाणी ने बताया कि वैदिक मंत्रोचार और पूजा अर्चना के साथ डोली ने कांठा के लिए प्रस्थान कर दिया है। जबकि बुधवार को पूजा अर्चना के साथ डोली पुनः जसोली आएगी। (एजेंसी)

### धनतेरस पर बाजार में रौनक, व्यापारियों के चेहरे खिले

रुद्रप्रयाग : धनतेरस और दीपावली के लिए नगर रुद्रप्रयाग सहित जनपद के सभी कस्बों में बाजार सजे हैं और त्योहारी रौनक छाई है। चारों ओर चहल–पहल के बीच लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

वहीं धनतेरस के चलते देर शाम तक लोगों ने बर्तन सहित कई उपयोगी वस्तुएं खरीदी। मुख्यालय रुद्रप्रयाग सहित तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, मयाली, जखोली, भीरी, चन्द्रापुरी, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, फाटा, सीतापुर, सोनप्रयाग, नगरासू, घोलतीर, खांकरा आदि स्थानों में स्थित बाजारों में चहल पहल है। त्योहारी सीजन के लिए जहां पटाखों की दुकानें सजी है वहीं मिठाई के साथ ही घरों में साज सज्जा की सामग्री को लेकर भी जगह–जगह दुकानें सजी है। फूल मालाओं की भी दुकानें लगी। घरों के साथ ही दुकानों को भी सजाया गया है। (एजेंसी)

### बीजेपी ने केदारनाथ विस उप चुनाव कार्यालय खोला

रुद्रप्रयाग : कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह चुनाव कार्यालय सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार के लिए योजना बनाने में मददगार होगा। साथ ही चुनाव प्रचार की प्रतिदिन की रिर्पोट देने का केंद्र भी होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से निष्ठा से पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार में जुट जाने का आह्वान किया है। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री एवं केदारनाथ विस चुनाव प्रभारी आदित्य कोठारी, चुनाव संयोजक विधायक भरत सिंह चौधरी, दान सिंह, विधायक घनशाली शक्तिलाल शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, जिलाध्यक्ष महावीर पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी

चमोली : धनतेरस पर कर्णप्रयाग, सिमली, आदिबदरी, गौचर, लंगासू सहित आसपास के बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी। बाजारों में आकर्षक सजावट और रोशनी की व्यवस्था रही, जो खरीदारों को आकर्षित कर रही है। बाइक, स्कूटर व कारों की भी बिक्री हुई। स्थानीय व्यापारियों ने अपनी दुकानों को विशेष रूप से सजाया है और विभिन्न प्रकार की छूट और ऑफर दे रहे हैं। बाजार में बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और आभूषण, उपलब्ध हैं। स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटक भी खरीदारी के लिए बाजार में पहुंच रहे हैं। (एजेंसी)

# धनतेरस पर लोगों ने की जमकर खरीददारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में धनतेरस पर मंगलवार को शहर के बाजारों में रौनक रही। लोग सोने, चांदी, वाहन, और बर्तनों की खरीदारी करते नजर आए।

वहीं, त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रशासन द्वारा जगह–जगह पुलिस गश्त करती रही। नजीबाबाद से झंडाचौक, झंडाचौक से बदरीनाथ मार्ग व रेलवे स्टेशन पर सड़क किनारे दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। ग्रामीण इलाकों से पहुंचे लोग भी जमकर सामानों की खरीद करते हुए नजर आए जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। त्योहार में फड़ लगाने के लिए सड़कों पर जगह घेरने के लिए दुकानदारों में होड़ लगी हुई थी। सुबह से ही सड़कों और बाजारों में बर्तन, पटाखे, लड़ियां, खील, बतासे, मिठाइयां और अन्य सजावटी सामान की दुकानें सजने लगी थी। बड़े शोरूम में सामान बेचने वाले भी ग्राहकों के लिए आकर्षक आफर लेकर आए थे।



धनतेरस के अवसर पर कोटद्वार बाजार में खरीददारी करने के लिए उमड़ी भीड़

### कोटद्वार के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पिथौरागढ़ में 24 से 27 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता में कोटद्वार स्थित राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को स्टेडियम प्रभारी और बाक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में इशिता जोशी ने 38 से 40 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण, कनिष्का साहू ने 40 से 43 किग्रा भार वर्ग और गुलाब रानी ने 46 से 49 भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। वहीं मिस्टी थापा ने 55 से 58 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। बालक वर्ग में प्रत्यूष डोभाल ने 52 से 55 किग्रा भार वर्ग और अंश वेदवाल ने 61 से 64 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण, दीपक रावत ने 40 से 43 किग्रा भार वर्ग व राज सिंह ने 49 से 52 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### किसी भी अंजान व्यक्ति को न दें बैंक से संबंधित जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए रिखणीखाल थाने में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। गोष्ठी में चौकीदारों को जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए।मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने ग्राम चौकीदारों को साइबर अपराध व महिला सुरक्षा की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण कड़ी बताया। कहा कि वर्तमान में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति आमजन का जागरूक होना अति आवश्यक है। किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित जानकारी न दें। कहा कि इन्हीं लोगों के माध्यम से गांवों में अपराधों को रोकने के लिए जागरूकता संदेश पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अपराध की घटना होने पर पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर ग्राम चौकीदार वीरेंद्र सिंह रावत, दिनेश चंद्र, मनोज कुमार, सावित्री देवी, गुड्डी देवी, प्रेमलाल आदि मौजूद रहे।

### कंप्यूटर व टीवी दिया दान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : संगलाकोटी ग्राम हड़कोट निवासी महेंद्र सिंह नेगी की ओर से संस्कृत उत्तर माध्यमा विद्यालय भुवनेश्वरी सिद्धपीठ चैधार (रीठाखाल) को पांच कंप्यूटर, एक लैपटाप, टीवी व इंवर्टर दान किया गया। महेंद्र सिंह वर्तमान में लंदन में रहते हैं। तिमली निवासी आशीष डबराल ने बताया कि क्षेत्र में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए महेंद्र सिंह नेगी ने यह योगदान दिया। कहा कि उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जुड़ने का भी मौका मिलेगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कालिका प्रसाद नैथानी, शिवधन आदि मौजूद रहे।

## 6 जनवरी 2025 को होगा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को जनपद के समस्त छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पदभिहीत स्थलों/मतदेय स्थलों/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में किया गया है। उक्त नामावली 28 नवंबर तक उक्त स्थलों पर जनसामान्य/ निर्वाचकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर 2024 तक दावे/आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि तय की गई है। 09-10 नवंबर 2024 व 23-24 नवंबर को विशेष अभियान तिथियां निर्धारित हैं।

24 दिसंबर तक दावे/आपत्तियों के निस्तारण किए जाएंगे। 06 जनवरी को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो नागरिक 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं या 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं और उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है या उनकी प्रविष्टि में कोई त्रुटि है या किसी कारणवश नाम वोटर लिस्ट से हटाया जाना है, तो वह अपने निकटतम मतदेय स्थल/तहसील कार्यालय या जिला निर्वाचन कार्यालय में निर्धारित प्रारुप ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप पर ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आज होगा वालीबॉल बालिका टीम के लिए ट्रायल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बुधवार को जिले की वालीबॉल बालिका टीम का चयन शशिधर भट्ट स्पोर्टर्स स्टेडियम कोटद्वार में किया जायेगा। चयनित टीम गोपेश्वर में राज्य आमंत्रण वालीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

जिला खेल कार्यालय गोपेश्वर की ओर से छह से नौ नवंबर तक राज्य आमंत्रण वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टर्स स्टेडियम गोपेश्वर में किया जाएगा। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप कुमार डुकलान ने बताया कि यह प्रतियोगिता बालिका ओपन वर्ग में आयोजित की जाएगी। जिले से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का चयन 30 अक्टूबर को शशिधर भट्ट स्पोर्टर्स स्टेडियम कोटद्वार में चयन किया जाएगा। ट्रायल में प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ियों को स्थाई निवास प्रमाण पत्र, फोटो, आधार लाना अनिवार्य होगा।

## जहरीला धुंआ फैला रही फैक्ट्रियां, कार्रवाई की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र में जगहर उगल रही फैक्ट्रियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि चारों ओर वातावरण में फैल रहे धुंऐ के कारण आमजन का सांस लेना भी दूभर हो गया है। साथ ही परिवारों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद डबराल व पूर्व महिला जिलाध्यक्ष रंजना रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील परिसर में पहुंचे और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उमेश चंद्र पांथरी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में जशोधरपुर स्थित फर्नेश फैक्ट्रियों पर पर्यावरण को दूषित करने का आरोप लगाया।

कहा कि फैक्ट्री संचालक धुएं को कम करने वाले संयत्रों का प्रयोग नहीं कर रहे है, जिससे पूरे वातावरण में धुएं के गुबार बने रहते है। वातावरण में फैले धुएं से आम लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। क्षेत्र में खांसी, दमा सहित एलर्जी की बीमारी फैल रही है, जो कि मानव जीवन के लिए खतरनाक है। धुएं से पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। पेड़, पौधों व फसलों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। जिलाधिकारी से फैक्ट्री संचालकों को धुएं की रोकथाम के लिए समुचित उपाय करने के निर्देश देने की मांग की है। इस मौके पर मधु देवी, शशि रावत, दमयंती देवी, सरिता नेगी, पिंकी रावत, सुनीता देवी, रंजनी भंडारी आदि मौजूद रहे।



समस्या के संबंध में प्रशासन को ज्ञापन देते कांग्रेसी

## रंगोली प्रतियोगिता में क्रेडिल पब्लिक स्कूल रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दीपावली पर्व पर आरसीडी पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता में क्रेडिल पब्लिक स्कूल निंबूचौड़ ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डा. सुभाष चंद्र ढौंडियाल, प्रधानाचार्य सीमा ढौंडियाल व नीरजा गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि दीपोत्सव का यह पर्व हमें श्री राम चंद्र के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। हमें बेहतर जीवन जीने के लिए राम के आदर्शों को अपनाना होगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता में क्रेडिल पब्लिक स्कूल निंबूचौड़ प्रथम, ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल लालपानी द्वितीय व मेजबान आरसीडी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपावली ड्राइंग प्रतियोगिता में ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल की अक्षिता रावत प्रथम, उत्कर्ष सैनी द्वितीय, मीत रावत तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ विद्यालय में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए भी प्रेरित किया गया।




कोटद्वार के आरसीडी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीम

### दीपावली पर यातायात रूट में किया बदलाव

चमोली : दीपावली पर्व पर बाजारों में भीड़ और वाहनों के दबाव को देखते हुए कर्णप्रयाग में यातायात रूट में बदलाव किया गया है। थानाध्यक्ष डीएस रावत ने बताया कि उमा देवी तिराहा से थराली गैरसैण और नौटी की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन मुख्य बाजार कर्णप्रयाग से होते हुए जाएंगे। मुख्य बाजार में किसी भी प्रकार से वाहन पार्किंग नहीं की जाएगी। कोई भी वाहन सुभाषनगर बैंड से मेन बाजार के लिए नहीं जाएगा। गौचर या चमोली की ओर जाने वाले वाहन सुभाषनगर बैंड से डाकघर कर्णप्रयाग पंचपुलिया होते हुए जाएंगे। जिन वाहन चालकों को अपने वाहनों में ईंधन भरना हो वे वाहन चालक वाहनों को पंचपुलिया से पेट्रोल पंप तक ले जाएंगे और पंचपुलिया से ही वापस अपने गंतव्य को जाएंगे। पेट्रोल पंप से मेन बाजार कर्णप्रयाग तक किसी भी प्रकार का वाहन प्रवेश नहीं करेगा। (एजेंसी)

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भड़के जनप्रतिनिधि

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : एकेश्वर ब्लॉक की ग्राम पंचायत नाव में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, लेकिन कार्यक्रम की जानकारी न होने से लोग कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये। जिस कारण जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम पंचायत नाव में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों ने खानापूर्ति बताया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जब समस्याओं का निस्तारण मौके पर नहीं होना है, तो ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का कोई औचित्य नहीं है। ऐसे कार्यक्रम को उन्होंने सरकारी धन का दुरुपयोग और समय की बर्बादी बताया।

ग्राम प्रधान कमलेश पसबोला ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन की सूचना अधिकारियों द्वारा उन्हें मंगलवार रात आठ बजे दी गई। जिस कारण क्षेत्र के लोग एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में 16 विभागों के अधिकारियों के आने की सूचना थी, लेकिन मात्र 6 विभाग के प्रतिनिधि ही कार्यक्रम में उपस्थित हुए। वहीं अपुणु गौ मुल्क विकास समिति के अध्यक्ष स्वरूप धस्माना ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस कार्यक्रम में जनता की भागीदारी सुनिश्चित नहीं है वह मात्र खानापूर्ति और सरकारी धन के दुरुपयोग का कार्यक्रम है। समिति के सचिव प्रवेंद्र रावत ने कहा कि धनतेरस के दिन लगे इस कार्यक्रम में जनता तथा अधिकतर विभाग नदारद रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास अधिकारी हेमलता रावत द्वारा की गई। इस अवसर पर कमलेश पसबोला, राकेश शाह ग्राम विकास अधिकारी, अर्चना रावत पंचायत मंत्री, संतोष रावत, यशोदा देवी, ममता देवी आदि मौजूद रहे।

## धनतेरस पर लोगों ने जमकर की खरीददारी, व्यापारियों के चेहरे खिले

श्रीनगर गढ़वाल : धनतेरस पर्व पर मंगलवार को श्रीनगर के बाजारों में सुबह से ही खरीददारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों इलेक्ट्रानिक्स, सोना-चांदी, बर्तन, दीये, लड़ियों, मिठाईयों समेत वाहनों की खरीददारी की। जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आये।

श्रीनगर के वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मार्ग, गणेश बाजार, काला रोड़ व गोला पार्क सहित श्रीकोट में इलेक्ट्रानिक्स, सोना-चांदी, बर्तन, दीये, लड़ियों, मिठाईयों समेत वाहनों की खरीददारी करने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। त्योहारी माहौल को देखते हुए ग्रामीण इलाकों से पहुंचे लोग भी जमकर सामानों की खरीद करते हुए नजर आए, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। धनतेरस पर बेतहाशा भीड़ बढ़ने पर पुलिस प्रशासन यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगा रहा। दूसरी ओर कीर्तिनगर टैक्सी स्टैण्ड के समीप लगी पटाखों की दुकानों में दीपावली के लिये खरीददारों का आना जारी रहा। धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व पर श्रीनगर शहर के बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। चप्पे-चप्पे पर दुपहिया वाहनों का प्रवेश भी वर्जित है।

### दो नवंबर को शुरू होगा रिवर राफ्टिंग एक्सपीडिशन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : आगामी दो नवंबर को महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छ और निर्मल गंगा अभियान के तहत बीएसएफ की महिला टीम की रिवर राफ्टिंग एक्सपीडिशन का शुभारंभ होगा। गंगा की लहरों पर यह अभियान देवप्रयाग संगम स्थल से शुरू होगा। बीएसएफ के इस अभियान में नमामि गंगे परियोजना सहयोग कर रही है। बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट हेमंत कोठियाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आजादी का अमृत काल के तहत क्लीन गंगा नाऊ एंड फॉरएवर के संदेश के तहत गंगा नदी में गंगोत्री से गंगा नगर तक रिवर राफ्टिंग एक्सपीडिशन आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में बल की 20 महिला सदस्य प्रतिभाग कर रही हैं। अभियान दो नंवबर से 24 दिसंबर तक चलेगा। 02 नवंबर को एक्सपीडिशन दल को देवप्रयाग संगम स्थल पर बल के महानिरीक्षक राजा बाबू सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व संस्कृत विश्वविद्यालय देवप्रयाग में अभियान के उद्देश्य के संबंध में कार्यक्रम आयोजित होगा।

## गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष और डीएम ने किया पुष्प वाटिका का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र प्रसाद अंथवाल और जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने मंगलवार को पौड़ी शहर में पुष्प वाटिका का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुष्प वाटिका की टीम ने जिला अधिकारी एवं गौ सेवा आयोग अध्यक्ष को फूलों की टोकरी भेंट की

इस दौरान महिलाओं ने बताया कि पौड़ी शहर के जिला अस्पताल, एजेंसी चौक के समीप, आरटीओ ऑफिस के पास व अन्य स्थान जहां पर लोग लगातार कूड़ा फेंककर गंदगी करते थे सभी महिलाओं ने मिलकर निःस्वार्थ भाव से सफाई करते हुए यहां पर पुष्प वाटिका का निर्माण किया है। पुष्प वाटिका में अब फूल खिलने लगे हैं जो काफी आकर्षक लग रहे हैं। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र प्रसाद अंथवाल महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बनेगी। वहीं डीएम डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि महिलाओं द्वारा जो कार्य किया गया है वह सराहनीय है। कहा कि आगामी 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर सभी महिलाओं को उनके कार्यों के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी बीरा भंडारी, जिला रेड कोर्स संस्था के जिला सचिव केशर सिंह असवाल, प्रदीप रावत, समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, बबीता पटवाल सहित उनकी मातृशक्ति समूह टीम मौजूद रही।



गौ सेवा आयोग अध्यक्ष पं. राजेंद्र प्रसाद अंथवाल एवं डीएम डॉ. आशीष चौहान को फूल भेंट करते हुए महिलाएं।

## अखंड भारत के निर्माण में लौह पुरुष के योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा : डीएम

### रन फॉर यूनिटी, रन अगेनेस्ट ड्रग व रन फॉर आयुर्वेदा दौड़ के माध्यम से दिया गया एकता का संदेश

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को देशभर में पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनायी जाती है। राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पंहुचाने के लिए जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय दिवस की शपथ दिलायी, जबकि जिला मुख्यालय के अन्य कार्यालयों, तहसीलों व विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों में सम्बंधित कार्यालयाध्क्षों ने अधीनस्थ कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। इस दौरान जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी, रन अगेनेस्ट ड्रग व रन फॉर आयुर्वेदा दौड़ के माध्यम से एकता का संदेश दिया गया।

हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन का किया जाता है। इस बार दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में रन फार यूनिटी का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय पर अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने 565 से अधिक देशी रियासतों को एकजुट करके एक अखंड भारत का निर्माण किया व देश की एकता और अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के सुरक्षित वातावरण में खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पंहुचाने के लिए प्रातः 09 बजे रन फॉर यूनिट व रन अगेनेस्ट ड्रग का आयोजन किया गया। कण्डोलिया से खांड्यूसैण फिर वापस कण्डोलिया तक कुल 10 किलोमीटर की इस दौड़ को पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दूसरी ओर जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र रावत की अगुवाई में आयुर्वेद से जुडे लोगों व स्टॉफ ने रन फॉर आयुर्वेद दौड़ का आयोजन किया गया। एकता के साथ-साथ स्वास्थ्य जीवन के लिए आयुर्वेद के महत्व को जन-जन तक पंहुचाने के लिए यह दौड़ जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय से प्रारम्भ हुई। जो कि बस अड्डे से माल रोड, ऐजेंसी चौक होते हुए कार्यालय पंहुचने पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनविंदर कौर, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र बर्तवाल, डीपीओ देवेन्द्र थपलियाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान, जिला शिक्षाधिकारी रणजीत सिंह नेगी, जिला क्रीड़ा शिक्षा प्रभारी योगेन्द्र सिंह नेगी, डॉ. तनुश्री, डॉ. शिवानी, डॉ. अनीता रावत, डॉ. ऋतु जखमोला सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।




### केदारनाथ में हेलीकॉप्टर ने की एमरजेंसी लैंडिंग

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ में तकनीकी खराबी के चलते हिमालयन हेली कंपनी के हेलीकॉप्टर ने एमरजेंसी लैंडिग कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। इधर, हेली की तकनीकी टीम द्वारा हेली की घटना की तकनीकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को करीब पौने बारह बजे हिमालय हेली का हेलीकॉप्टर शेरसी हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ा। ठीक केदारनाथ धाम में पहुंचते ही जैसे हेलीकॉप्टर लैंडिंग करने का प्रयास करने लगा तो इंजन ऑयल वाली जगह से धुंआ आने लगा। जिला पर्यटन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी हेली सेवा राहुल चौबे ने बताया कि जैसे ही हिमालयन कम्पनी के हेली में केदारनाथ में लैंडिंग कराने लगा तो तकनीकी खराबी आने के कारण केदारनाथ हेलीपैड पर ही आपात लैंडिंग कराई गई। (एजेंसी)

# धनतेरस में ऋषिकेश के बाजारों में बरसी लक्ष्मी

ऋषिकेश। दीपावली के त्योहार से पूर्व धनतेरस पर मंगलवार को तीर्थनगरी के बाजारों में खूब धन बरसा। ऋषिकेश और आसपास के बाजारों में करीब 15 करोड़ रुपये के कारोबार होने का अनुमान व्यापार संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने किया है। बाजारों में देर रात तक बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। धनतेरस पर बर्तनों की दुकानों के अलावा सर्राफा, कपड़े और इलेक्ट्रानिक्स की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ी। दुपहिया और चौपहिया वाहनों के शोरूम में भी वाहनों की खूब खरीदारी की गई। मंगलवार को तीर्थनगरी ऋषिकेश के रोड, मुखर्जी रोड, क्षेत्र रोड, रेलवे रोड, तिलक रोड, घाट रोड आदि के बाजार में सुबह से ही चहल–पहल शुरू हो गई थी। बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही खरीदारी के लिए बाजार पहुंचने लगे थे। धनतेरस पर बाजार में पहुंचे लोग सोने–चांदी के सिक्के के साथ–साथ वाहनों तक की खरीदारी करते दिखे। नागरिकों ने बर्तन की दुकानों पर घरेलू उपयोग में आने वाले बर्तनों की खरीदारी की। जिनमें डिनर सेट, चम्मच सेट के अलावा थाली, ग्लास, कटोरा, प्लेट आदि के सेट खरीदे गए। इस बार तांबे के बर्तनों की भी खूब खरीदारी हुई। धनतेरस पर धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा रही है, नागरिको अन्य सामानों के साथ झाड़ू भी खरीदते दिखे। बाजार में भीड़ भीड़ के चलते जगह जगह जाम की स्थिति बनी। भीड़ के चलते खरीददारी करने वाले अधिकांश लोग बिना वाहन के ही बाजार में घूमते नजर आए। नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र ने बताया कि धरतेरस पर ऋषिकेश के विभिन्न बाजारों में लगभग 15 करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान है।

**पांच सौ से अधिक दुपहिया बिके**

धनतेरस पर सभी बाइक के शो–रूम में ग्राहकों की भीड़ देखी गई। श्री साईं हीरो एजेंसी के संचालक राजीव कालिया ने बताया कि धनतेरस पर लोगों ने दुपहिया की जमकर खरीददारी की है। 300 से अधिक दुपहिया की बिक्री शाम तक हुई। कहा कि अन्य एजेंसियों को मिलाकर पूरे ऋषिकेश में करीब पांच सौ से अधिक दुपहिया वाहन बिके हैं।

## कार्यालय
## अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ

उत्तराखण्ड राज्य

E Mail ID-eecdpwdpaboo@gmail.com. eecdpab.pwduk@gov.in

पत्रांकः- 198/12ए0सी0 दिनांक 26/10/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की शील्ड निविदा दिनांक 08.11.2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.10.2024 से 07.11.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 08.11.2024 अपरान्ह्न 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाली जा सकती हैं। निविदा दिनांक 11.11.2024 को अपरान्ह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा विक्रय एवं प्राप्त करने वाले कार्यालयों के नाम :-

1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 12वां वृत्त लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पाबौ। 3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0, पौड़ी। 4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना (2024-25) के अन्तर्गत --तदैव--मौन्दाडी में सड़क से गांव की ओर इन्टर लाकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | डी एवं उच्चतर मार्ग कार्य में पंजीकृत |
| 2 | --तदैव-- नौगांव विनोदू में सड़क से गांव की ओर पुस्ता एवं इन्टर लाकिंग टाईल्स का कार्य। | 12000.00 | 500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 3 | --तदैव-- उखलेत में सड़क से गांव के मुख्य रास्ते पर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 4 | --तदैव-- बौसाल मल्ला में सड़क से गांव के मुख्य रास्तों पर इन्टर लॉकिंग टाईलस का कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 5 | --तदैव-- डण्डा मल्ला में सड़क से देवीधार रास्ते पर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 6 | --तदैव-- धूर रैसौली मोटर मार्ग कि0मी0 2 से ग्राम धूर की ओर दीवार एवं इन्टर लॉकिंग टाइल्स का निर्माण। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 7 | --तदैव-- बिजोली में सड़क से गांव के रास्ते पर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 8 | --तदैव-- खुलेउ में सड़क से गांव के रास्ते पर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 9 | --तदैव-- बन्ठोली में सड़क से गांव की ओर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 10 | --तदैव-- चौमासू धार मोटर मार्ग से गांव की ओर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 11 | --तदैव-- कुमराडी में सड़क से गांव के रास्तों पर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 12 | --तदैव-- मालई में सड़क से गांव की ओर इन्टर लॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 13 | --तदैव-- गडोली डुगरी मोटर मार्ग से गडोली तक इंटर लॉकिंग टाईल्स कार्य। | 39000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 14 | --तदैव-- कुठखाल चिनोलीसैन कुचोली मोटर मार्ग के 4 कि0मी0 के अन्तर्गत स्कपर एवं दीवार निर्माण कार्य। | 36000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 15 | --तदैव-- रामपुर नौखण्डी सम्पर्क मोटर मार्ग का अवशेष कार्य के अन्तर्गत पहाड़ कटान का कार्य। | 18000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 16 | --तदैव-- सीला दुन्द्राकोटी रोड़ से गुसाईं गांव विच्दखोली तक सड़क निर्माण कार्य के अन्तर्गत पहाड़ कटान का कार्य। | 24000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 17 | --तदैव-- रणस्वा गदेरे के पुल से पितृधार तक लिंक रोड निर्माण कार्य के अन्तर्गत पहाड कटान का कार्य। | 27000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 18 | --तदैव-- दुन्दराकोटी मोटर मार्ग से गुसाईं गांव हेतु मोटर मार्ग का निर्माण के अन्तर्गत पहाड़ कटान का कार्य। | 27000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 19 | --तदैव-- मुख्य मोटर मार्ग रणस्वा के पुतल्या बाड्यूँ से रा0प्रा0वि0 रणस्वा होते हुए पितृधार तक मोटर मार्ग का निर्माण के अन्तर्गत पहाड़ कटान का कार्य। | 30000.00 | 1000+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 20 | --तदैव-- कर्णप्रयाग, नौटी, पैठाणी (राज्य मार्ग सं0-34) मोटर मार्ग पर सिलोली पुल से आर0सी0सी0 पुल के मध्य मोटर मार्ग के चौड़ीकरण हेतु अतिरिक्त पहाड़ कटान का कार्य। | 42000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 6 माह | --तदैव-- |
| 21 | --तदैव-- चपलोडी फल्द्वाडी मोटर मार्ग के कि0मी0 6, 7, में एच0पी बैण्ड पर क्षतिग्रस्त दीवारों का पुनः निर्माण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा) | 48000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 22 | एस0डी0एम0एफ0/एस0डी0आर0एफ0 वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत बुखाल पार्किंग का सुरक्षात्मक कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा) | 30000.00 | 1500+ 18%GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में, जो अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से बंधक हो, लगाना आवश्यक है।

2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 रू0 का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीदी टिकट हो, वैधता की शर्तो के साथ लगाना अनिवार्य है, इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3- किसी भी निविदा को बिना पूर्व सूचना के निरस्तीकरण/स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

4- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्लू0 9 निविदा प्रपत्र एम0एफ0 69/70 एवं शासनादेश संख्या 2611/111(2)07-75 सा0 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार होगी, निविदा की अन्य शर्ते/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

अधिशासी
अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ

# सीएम धामी ने ओपन रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री में लगाई दौड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पवेलियन ग्राउंड देहरादून में ओपन रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्तृत एवं एकीकृत भारत के निर्माण में देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल की कूटनीति व दूरदर्शिता का स्वतंत्र भारत के इतिहास में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। अपने अद्वितीय संकल्प शक्ति और दूरदर्शिता से आधुनिक भारत का निर्माण करने वाले लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल द्वारा देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए किए गए महान योगदान के लिए देश का प्रत्येक नागरिक सदैव उनका ऋणी रहेगा।

मुख्यमंत्री ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करने वाले, राष्ट्र के महानायक, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कर दिया, उनका संपूर्ण जीवन हमें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्लरन फॉर यूनिटीह्व का आयोजन हर वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर ही होता है। इस वर्ष उनकी जयंती के साथ दीपावली का संयोग होने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में यह घोषणा की थी कि इस बार 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता, और अटूट समर्पण के माध्यम से अखंड भारत का सपना साकार किया। 560 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाया, और हमें एक ऐसा भारत दिया जिसमें विविधता के बावजूद एकता की भावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन इसी उद्देश्य से किया गया है कि प्रत्येक नागरिक के भीतर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को जागृत हो। युनिटी और इंटेग्रीटी की भावना केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है। यह एक सामान्य दौड़ नहीं, बल्कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने का एक माध्यम भी है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक खजान दास, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल प्रशांत आर्य, खेल विभाग के अन्य अधिकारी एवं अनेक प्रतिभागी उपस्थित थे।

# कार्मिकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की ली शपथ

## खेल मैदान गोपेश्वर में रन फॉर यूनिटी का किया आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**




चमोली : राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए खेल मैदान गोपेश्वर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं एकता को संरक्षित एवं सदृढ़ करने और समर्पण की भावना को मजबूत करने के उददेश्य से सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन का किया जाता है। इस बार दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में रन फार यूनिटी का आयोजन मंगलवार को किया गया। रन फॉर यूनिटी में जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापक-अध्यापिकाओं, शिक्षण-संस्थाओं के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य विभिन्न संस्थाओं के प्रतिभागियों का पंजीकरण कर उन्हें कूपन आबंटित किये गये। रन फार यूनिटी में 200 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पुरुष एवं महिला वर्ग में लॉटरी के माध्यम से 10--10 प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा साल 2014 से शुरुआत की गयी।

## संयुक्त नागरिक संगठन ने जताया आभार

देहरादून। ब्रिक्स सम्मेलन की सफलताओं में भारत की सकारात्मक भूमिका पर संयुक्त नागरिक संगठन ने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का आभार जताया।

संगठन के महासचिव सुशील त्यागी ने कहा कि विश्वयुद्ध की ओर अग्रसर दुनिया में पारस्परिक सहयोग, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय तथा सार्वजनिक राजनीतिक प्रणाली में सुधार आदि विषयों को लेकर भारत के अभिन्न मित्र देश रूस में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन की उपलब्धियों पर हमें गर्व है, गैर पश्चिमी देशों में पारस्परिक विश्वास, एकजुटता, मित्रता पर आधारित प्रयास के पीछे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और विश्व शांति की भावनाओं की अवधारणा हैं। ब्रिक्स सम्मेलन की सफलताओं में भारत चीन के नए संबंधों की शुरुआत भी शामिल रही है।

# राजभवन में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया



देहरादून। राजभवन में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान इन राज्यों के उत्तराखण्ड में निवास कर रहे लोगों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया गया उनमें आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पुडुचेरी, अंडमान–निकोबार द्वीप समूह, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और लक्षद्वीप शामिल हैं। गौरतलब है कि जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस 31 अक्टूबर और उपरोक्त शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस 01 नवंबर को मनाया जाता है। दीपावली पर्व के मद्देनजर इन सभी राज्यों के स्थापना दिवसों को पूर्व में ही मनाया गया है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा की यह दूसरा चरण है कि सभी राज्यों के स्थापना दिवसों को मनाया जा रहा है गत वर्ष शुरू हुई इस पहल से सामाजिक एकीकरण और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत विचारधारा से प्रेरित यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना, आपसी समझ और सम्मान की भावना को बढ़ाता है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत की विविधता को एकता के रूप में दर्शाते हैं साथ ही हम सब को एक परिवार के रूप में जोड़ने का कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाती एस भदौरिया, उप सचिव जी.डी. नौटियाल, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामकरन, संजीव कुमार, शिवालिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्रहलाद सिंह, कृतिका कुकरेजा, सीमा डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिरुद्ध गुरुप्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. नारायण प्रसाद सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवासी और राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने चयनित 108 असिस्टेंट प्रोफेसर को दिये नियुक्ति पत्र

## अध्यापन सामान्य कार्य नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 05 विषयों में चयनित 108 असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मंगलवार को हिन्दी, रसायन विज्ञान, भूगोल, जन्तु विज्ञान एवं राजनीति विज्ञान के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि धनतेरस के पावन अवसर पर मिलने वाला यह उपहार निश्चित ही आपके जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाएगा। आपके जीवन में सफलता का यह दिन मेहनत, समर्पण और लगन की वजह से ही आया है। उन्होंने कहा कि अध्यापन कोई सामान्य कार्य नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है।

विशेषकर उच्च शिक्षा मानवीय संसाधनों को तराशने का एक प्रमुख साधन है, क्योंकि उच्च शिक्षा युवा शक्ति को सही दिशा देने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में प्रदेश के करीब 18 हजार 500 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। आगे भी भर्ती प्रक्रिया निरंतर गतिमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। 20 मॉडल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है एवं महिला छात्रावास एवं आईटी लैब सहित परीक्षा भवनों आदि का निर्माण भी किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा में शत प्रतिशत फैकल्टी दी गई है। जिसमें 82 प्रतिशत नियमित फैकल्टी और शेष गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्य कर रहे हैं। राज्य में पिछले सात वर्षों में 51 कॉलेजों के भवन बनाए गये। 06 कॉलेजों को जल्द अपने भवन मिल जायेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के उन्नयन के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

उनके नेतृत्व में राज्य में 05 नये कैम्पस बने हैं। 26 नये डिग्री कॉलेज बने हैं। राज्य के 118 डिग्री कॉलेज में से 70 कॉलेज का नैक है। मार्च 2025 तक शत प्रतिशत डिग्री कॉलेज में नैक हो जायेगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव पंकज पाण्डेय, अपर सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अंजू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## शहर में लागू हुआ डायवर्जन प्लान

ऋषिकेश। धनतेरस पर शहर में खरीदारों की जमकर भीड़ उमड़ी। अत्याधिक भीड़ से मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई, जिसके चलते दोपहर बाद पुलिस को डायवर्जन प्लान लागू करना पड़ा। हरिद्वार के ट्रैफिक को पुराना बस अड्डा मार्ग से इंद्रमणि बड़ोनी चौक से आगे भेजा गया। जबकि, मुनिकीरेती का ट्रैफिक संयुक्त यात्रा बस अड्डा होते हुए इंद्रमणि बड़ोनी से चौक से हरिद्वार गया। मंगलवार को शाम को पुलिस ने घाट रोड और मुखर्जी मार्ग पर वाहनों की नो–एंट्री कर दी गई। खरीदारी के लिए वाहनों से पहुंचे लोगों को अस्थायी पार्किंग जयराम चौक व बाबा काली कमली धर्मशाला की ओर भेजा गया। यहां लोगों के वाहनों का पार्क कराने उन्हें आगे पैदल रवाना किया गया। जयराम चौक से चंद्रभागा पुल तक जीरो–जोन के बीच आसपास के लोगों की सहुलियत के लिए टेंपों को आवाजाही की छूट रही, जिससे लोगों को सवारी वाहन पकड़ने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ी। दो ड्रोन से पुलिस टीम ने कंट्रोल रूम में बाजार व आसपास के इलाकों की निगरानी भी की।

# मिनिस्टीरियल कर्मचारियों ने मांगों के निस्तारण को बनाया दबाव

देहरादून।उत्तराखंड मिनिस्टीरियल फेडरेशन ने कर्मचारियों की मांगों के निस्तारण को दबाव बनाया। अपर मुख्य सचिव कार्मिक आनंद बर्द्धन से मुलाकात कर 25 सूत्रीय मांग पत्र पर कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने कहा कि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के संशोधित कार्य एवं दायित्व का निर्धारण किया जाए। 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। मिनीस्टीरियल कार्मिकों की कॉमन सेवानियमावली तैयार की जाए। समूह ग के कार्मिक को गृह तहसील मे तैनाती में छूट दी जाए। दुर्गम में छह वर्ष की बाध्यता के स्थान पर तीन वर्ष और विधवा, विदुर के रूप में एकल अभिभावक एवं शहीदों के बलिदानियों को अनिवार्य स्थानांतरण से छूट प्रदान की जाए।

महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने कहा कि वार्षिक वेतनवृद्धि संबंधी प्रकरण को जल्द कैबिनेट में रखने का आश्वासन एसीएस कार्मिक की ओर से दिया गया।

## दून के छाती रोग विशेषज्ञ ने दिखाया दम

देहरादून। राजधानी के वरिष्ठ छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव चाचरा ने गोवा में आयोजित गोवा आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन में दम दिखाया। उन्होंने अरब सागर में 1.9 किमी ओपन–वाटर तैराकी, 600 मीटर की चढ़ाई के साथ 90 किमी साइकिलिंग, 21.1 किमी की हाफ–मैराथन में प्रतिभाग कर रेस पूरी की। साल 2022 में एक हादसे में उनको पसलियों में गंभीर चोट लग गई थी। 40 मीटर भी वह नहीं तैर पाते थे।


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com